D

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8 ]
Total No. of Printed Pages : 8 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 57 ]
Total No. of Questions : 57 ]

**CCE PR**
**UNREVISED**

Question Paper Serial No. **50**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 85-H**
**Code No. : 85-H**

# ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ
# Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ / Hindi Version )**
**( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )**
**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 09. 04. 2020 ] [ Date : 09. 04. 2020
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-45 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 57 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

Tear here

I. **निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है । सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें ।**

10 × 1 = 10

1. भारत के लौह पुरुष हैं

   (A) महात्मा गांधी

   (B) डॉ० बी० आर० अम्बेदकर

   (C) सरदार वल्लभभाई पटेल

   (D) जवाहरलाल नेहरू ।

2. स्वतंत्रता के बाद भी पुर्तगालियों के साम्राज्यवादी शासन के अंतर्गत कौन-सा प्रांत था ?

   (A) पाण्डिचेरी (B) गोआ

   (C) कराइकल (D) माहे ।

3. ''भारत तथा श्रीलंका का संबंध ऐतिहासिक है ।'' इस कथन की व्याख्या ...... द्वारा होती है ।

   (A) भारत का श्रीलंका के साथ अच्छा व्यापार संबंध है

   (B) LTTE के दमन करने के लिए भारत मिलिट्री सहायता किया था

   (C) श्रीलंका में भारतीय मठवासियों द्वारा बौद्ध धर्म का प्रसार हुआ

   (D) भारत श्रीलंका के साथ आर्थिक के साथ राजनीतिक क्षेत्र में भी अच्छा संबंध रखा है ।

4. UNO के सेक्रेटरी जेनरल के कार्यालय का कार्यकाल है

   (A) 3 वर्ष (B) 4 वर्ष

   (C) 5 वर्ष (D) 6 वर्ष ।

5. सामाजिक सामंजस्य में मदद करने वाला कारक है

   (A) संप्रदायवाद (B) रंग-भेद नीति

   (C) जातिवाद (D) शिक्षा ।

6. पछेती मॉनसून को पश्चगामी मॉनसून अवधि भी कहा जाता है क्योंकि

(A) दक्षिण-पश्चिम मॉनसून अक्टूबर महीने के दौरान उच्च दाब के कारण धीरे-धीरे लौटना प्रारंभ करता है

(B) नवम्बर के अंत में तेज हवाएँ चलनी बंद हो जाती हैं

(C) अक्टूबर महीने में भारतीय उपमहाद्वीप में वर्षा होती है एवं तापमान में कमी होती है

(D) दक्षिणी गोलार्ध पर सूर्य की किरणें उदग्र रूप से पड़ती है ।

7. भारत का वृहत्तम बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है

(A) भाखरा नांगल (B) कोशी

(C) दामोदर (D) हीराकुड ।

8. राजकोषीय घाटा का कारण है

(A) विनिवेश द्वारा राजस्व उत्पन्न होता है

(B) सरकार को ऋण का पुनर्भुगतान करना पड़ता है

(C) सरकार को अधिक खर्च होता है

(D) सरकार को अधिक प्राप्त होती है ।

9. व्यवसायियों के लिए चालू खाता से लाभ होने का कारण है

(A) बैंक जमा पर कोई ब्याज नहीं देती

(B) इसमें जमा, निकासी तथा प्रति-लेनदेन ( contra-transaction ) सीमित होता है

(C) बैंक इस तरह के खाते से सर्विस चार्ज वसूल करती है

(D) इस खाते से राशि कई बार जमा कर सकते या निकाल सकते हैं ।

10. जिला औद्योगिक केन्द्र का उद्देश्य है

(A) स्वनियोजन को बढ़ावा देना

(B) शहरी क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना

(C) ग्रामीण क्षेत्रों में लघु उद्योगों को प्रोन्नत करने में समन्वित प्रशासनिक सहायता प्रदान करना

(D) शहरी क्षेत्रों में उद्योगों का विकास करना ।

II. **निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें :** 14 × 1 = 14

11. युग ( Yuga ) क्या है ?
12. लोकायुक्त की प्रतिस्थापना का मुख्य उद्देश्य क्या है ?
13. 1909 मिण्टो-मॉर्ले सुधार ने भारतीयों को विभाजित कर दिया । कैसे ?
14. UN ट्रस्टीशीप काउन्सिल अभी छोटी इकाई हो गयी है । क्यों ?
15. श्वेत क्रांति के जनक कौन हैं ?
16. साइलेण्ट घाटी आन्दोलन क्यों हुआ ?
17. "नाजी विचारधारा ने जर्मनी को बर्बाद कर दिया ।" कैसे ?
18. "निरसता से विद्यालय की ओर" कार्यक्रम का उद्देश्य क्या है ?
19. भारत में उपजने वाले दो महत्वपूर्ण पेय फसलों के नाम बताएँ ।
20. गहन कृषि क्या है ?
21. कोयला को 'काला हीरा' कहा जाता है । क्यों ?
22. सूचना प्रौद्योगिकी को ज्ञान आधारित प्रौद्योगिकी क्यों कहा जाता है ?
23. "नारी सशक्तिकरण" को परिभाषित करें ।
24. डॉ० स्वामीनाथन को "हरित क्रांति का पुरोगामी" क्यों कहा जाता है ?

III. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक दा से चार वाक्यों में दें :** 25 × 2 = 50

25. तृतीय एंग्लो-मैसूर युद्ध के परिणाम क्या हुए ?
26. "वैज्ञानिक विकास ने समुद्र-यात्रा को बढ़ावा दिया ।" इस कथन का सत्यापन करें ।
27. अलीगढ़ आन्दोलन के उद्देश्य क्या हैं ?

**अथवा**

रामकृष्ण मिशन के आदर्श ( visions ) क्या हैं ?

28. रूस में लेनिन द्वारा किये गये सुधारों का उल्लेख करें ।
29. क्षेत्रवाद का वर्णन करें ।
30. मृदा अपरदन के क्या कारण हैं ?

31. विश्व में मानवाधिकार का समर्थन में भारत द्वारा निभायी गई भूमिका का वर्णन करें ।

32. भारत के प्रायद्वीपीय पठारों के आर्थिक महत्व का उल्लेख करें ।

33. भीड़ का उदाहरण सहित वर्णन करें ।

34. वन संरक्षण के लिये किए गए उपाय क्या हैं ?

35. "GPS पथप्रदर्शक है ।" कैसे ?

36. बाढ़ के प्रभाव क्या होते हैं ?

37. जनसंख्या विस्फोट आर्थिक विकास पर हानिकारक प्रभाव डालता है । कैसे ?

38. मनुष्य की आयु संभाविता को बढ़ाने वाले उत्तरदायी कारकों की सूची बनायें ।

39. "भूमंडलीकरण उपभोक्ताओं को वस्तुओं की पसंद के लिए व्यापकता देता है ।" कैसे ?

40. रेग्युलेटिंग एक्ट की महत्वपूर्ण बिन्दुओं का उल्लेख करें ।

41. परिवहन एवं संचार में विकास स्वतंत्रता संघर्ष को बढ़ावा दिया । कैसे ?

42. UNO के उद्देश्यों को लिखें ।

43. आजकल वर्षा जल संग्रहण अनिवार्य हो गया है । क्यों ?

44. स्वतंत्रता के बाद भारत के सम्मुख आने वाली समस्याओं की सूची बनाएँ ।

45. बाल श्रम के प्रभाव क्या थे ?

46. भारत ने विश्व में कहीं भी रंगभेद नहीं होने के लिए प्रचार किया । सत्यापन करें ।

47. कपास उपजाने के लिए आवश्यक कारकों का उल्लेख करें ।

48. फसल-पूर्व तकनीकी फसल-उत्तर तकनीकी से भिन्न है । कैसे ?

49. विश्व व्यापार संगठन के उद्देश्यों का उल्लेख करें ।

IV. **निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर छह वाक्यों में दीजिए :** 6 × 3 = 18

50. भारत में अंग्रेजों द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किये गये सुधार उन्नत थे । कैसे ?

**अथवा**

1857 की क्रांति भारतीयों को प्रभावित किया । कैसे ?

51. भारत की विदेश नीति के उद्देश्यों का उल्लेख करें ।

**अथवा**

भारत का रूस के साथ संबंध का वर्णन करें ।

52. सड़क परिवहन की समस्याओं का वर्णन करें ।

**अथवा**

उद्योगों की प्रस्थिति को प्रभावित करने वाले कारक क्या हैं ?

53. अस्पृश्यता उन्मूलन हेतु क्या संवैधानिक तथा वैध ( legal ) उपाय किये गये हैं ?

**अथवा**

संगठित तथा असंगठित श्रमिकों में क्या अंतर हैं ?

54. ग्रामीण विकास की सार्थकता का वर्णन करें ।

**अथवा**

सार्वजनिक वित्त तथा निजी वित्त में अंतर का वर्णन करें ।

55. बैंक में खाता खुलवाने के लाभों का वर्णन करें ।

**अथवा**

बीमा कम्पनियों के लाभों का उल्लेख करें ।

V. **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर आठ से दस वाक्यों में दीजिए :** 4

56. भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में सुभाष चन्द्र बोस की भूमिका का वर्णन करें ।

VI. 57. **भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें :** 1 + 3 = 4

a) $23\frac{1}{2}^{\circ}$ कर्क रेखा

b) हीराकुड परियोजना

c) बाम्बे हाई ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 57 के बदले में )**

हिमालय के क्या उपयोग हैं ? 4